17. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

शिक्षण-संकेत

भाषा जितनी संक्षिप्त होती है उतनी ही प्रभावशाली होती है। भाषा को संक्षिप्त बनाने के लिए हिंदी में ऐसे बहुत से शब्द हैं जो कई शब्दों की जगह एक शब्द के रूप में प्रयोग होते हैं। एक शब्द के लिए कई शब्दों के प्रयोग से भाषा बोझिल बन जाती है इसलिए अनेक के लिए एक शब्द का प्रयोग किया जाता है।

- ❖ पाठ पृष्ठ 84 पर दिए अनेक शब्दों तथा उनके एक शब्दों के उदाहरण पढ़वाएँ, तदुपरांत समझाएँ।
- ❖ इनके प्रयोग पर ध्यान दिलाएँ।
- ❖ पृष्ठ 84-85 पर दिए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द छात्रों से पढ़वाएँ।
- ❖ सभी छात्रों को पढ़ने का अवसर दें।